


# गेदरिंग फुट

इस ट्यूटोरियल में आप उषा जेनोम गैदरिंग फुट का उपयोग करना सीखेंगे। बस इसके नाम के अनुसार यह कपड़े के किसी भी टुकड़े में गेधर बनाने में आपकी मदद करता है।



वास्तव में, आपको कपड़े के एक टुकड़े में सॉफ्ट गेधर बनाने में मदद करने के अलावा, यह गेदरिंग फुट आपको कपड़े के दो टुकड़ों को एक साथ सिलाई में मदद कर सकता है, जिसमें से एक को गेधर करने की जरूरत है और दूसरे को नहीं। जैसे कि एक फिटेड टॉप और कमर पर गेधर वाला एक ड्रेस।

उषा जेनोम गेदरिंग फुट के साथ गेधर कैसे बनाए यह सिखने के लिए, आपको ज़रूरत पड़ेगी - 21 x 8 इंच माप के फैब्रिक का एक टुकड़ा, और उसी फैब्रिक के 8 x 8 इंच और 24 x 8 इंच के दो टुकड़े, और बेशक मैचिंग धागे तो चाहिए ही।










पैटर्न सिलेक्टर को A पे, स्टीच लेंथ को मैक्सिमम तक, और थ्रेड टेंशन डायल को मैक्सिमम तक घुमा के अपनी मशीन को सेट करें।












गैदरिंग फ़ुट के नीचे फैब्रिक की सिंगल लंबी स्ट्रिप रखें और बस सिलाई करना शुरू करें और मशीन को सभी काम करते देख इसका आनंद लें... जैसे-जैसे आप सिलाई करेंगे वैसे फैब्रिक सॉफ्ट तरह से गेधर हो जाएगा। अपना काम पूरा हो जाने के बाद धागे को काट ले, और बस गेधर किए गए फैब्रिक का टुकड़ा आपके पास तैयार है।

आइए अब इसे अगले पायदान पर ले जाएं और गेदरिंग फुट का उपयोग करके फैब्रिक के दो टुकड़े को कैसे सीए वह सीखे। बेज़ फैब्रिक के लंबे टुकड़े को पैर के नीचे रखें, पैर को नीचे स्नेप करे और फिर उसी फैब्रिक के छोटे टुकड़े को उसकी उलटी बाजु ऊपर रहे ऐसे इसे गैदरिंग फुट के अंदर दाखिल करके रखे।

दाखिल किए गए फैब्रिक की ऊपर का टुकड़ा थोड़ा ढीला होगा, इसलिए सिलाई करते समय इसे सीधा पकड़ के रखें। सिलाई शुरू करे।

पैर के नीचे का कपड़े का टुकड़ा गेधर हो जाता है जबकि ऊपर का टुकड़ा फैब्रिक के दूसरे टुकड़े पर सिल जाता है। यह होता देखने में काफी मजा आता है।

जब आप बिना गेधर किए गए टुकड़े के अंत तक पहुंचते हैं, तो इसे मशीन से निकाल लें और अतिरिक्त कपड़े को काट लें।

आपके पुराने कपड़ो को एक रेट्रो टच देकर उन्हें आकर्षक बनाने के लिए यह झालर और गेधर उनमे जोड़े। एक बड़ी झालर जोड़े हुए पेंसिल स्कर्ट का विचार करे... वाह! अभी ही जाए - किसी भी परिधान या एक्सेसरीज में परिपूर्णता और भव्यता जोड़ने के लिए इसे जरूर आजमाके देखे।